हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार, 23 जुलाई, 2025

11 तस्करों को चेतावनी : नशा बेचा तो भुगतने पड़ेंगे परिणाम



12 परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी...



## खबर संक्षेप

### हेरोइन तस्करी में एक और आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने एमपी रोही रोड, फतेहाबाद पर हेरोइन तस्करी से जुड़े एक मामले में दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अनुप सिंह पुत्र जय सिंह निवासी गांव भाना, जिला हिसार के रूप में हुई है। इससे पूर्व इसी मामले में विनोद पुत्र सत्यानारायण निवासी गांव बडोपल को पहले ही 5.065 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया जा चुका है।

### पुलिस ने डोडा पोस्त सहित एक युवक को दबोचा

**फतेहाबाद।** नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने 504 ग्राम डोडा पोस्त के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अनिल कुमार पुत्र अमर सिंह निवासी गांव धारनियां के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से 504 ग्राम डोडा पोस्त के साथ-साथ एक बाइक भी बरामद की है, जिसका प्रयोग वह तस्करी में कर रहा था।

### शिवरात्रि के उपलक्ष्य में भंडारा आज

**सिरसा।** श्री गौशाला में स्थापित 103 वर्ष प्राचीन शिव मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिवरात्रि के उपलक्ष्य में 23 जुलाई को भंडारा लगाया जाएगा। मुख्य सेवक राजकुमार साहुवाला ने बताया कि सुबह 8.15 बजे बाबा को भोग लगाया जाएगा। 8.31 बजे कन्या पूजन किया जाएगा। इसके बाद सुबह 11 बजे से प्रसाद वितरण किया जाएगा। उन्होंने सभी धर्म प्रेमी सज्जनों से आह्वान किया कि वे भंडारे में समय पर पहुंचकर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करें और प्रसाद ग्रहण करें।

### लाखों रुपये की हेरोइन सहित दो तस्कर गिरफ्तार

**डबवाली।** डबवाली पुलिस ने नशा तस्करों पर कार्रवाई करते हुए दो नशा तस्करों को जिला के कालांवाली क्षेत्र से करीब तीन लाख रुपये की हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान साहिल कुमार व मनीराम उर्फ झुमा निवासी कालांवाली के रूप में हुई है।

### दो वाहनों में भिंड़त बाल-बाल बचे कार सवार

**रानियां।** निकटवर्ती गांव ओटू में सोमवार रात को आमने-सामने आ रहे दो वाहनों की आपस में भिडंत हो गई। इस हादसे में गाडिय़ों में सवार लोग बाल बाल बच गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सोमवार रात को ओटू के एक पैलेस के पास सिरसा से आ रही बोलेरो गाड़ी व रानियां से जा रही एक कार रेहडी वाले को बचाते आमने-सामने आपस में भिड़ गई। गनीमत यह रही रही कार व बोलेरो में सवार किसी भी व्यक्ति को कोई चोट नहीं आई और रेहडी वाला भी बच गया। इस हादसे में दोनों गाडिय़ां क्षतिग्रस्त हो गई।

### घर में घुसकर मारपीट करने पर आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** घर में घुसकर मारपीट करने के एक मामले में फतेहाबाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रवीण कुमार उर्फ गोलू पुत्र सुभाष चंद्र निवासी गांव बड़ोपल, फतेहाबाद के रूप में हुई है। पुलिस चौकी बड़ोपल प्रभारी, सहायक उप निरीक्षक रमेश कुमार ने बताया कि इस बारे 15 मई को शिकायतकर्ता जयप्रकाश पुत्र रामकुमार निवासी बड़ोपल द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि गांव के कुछ व्यक्तियों ने उसके घर में घुसकर उसके तथा उसके परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की।

## शिवरात्रि आज : रंगीन लाइटों से जगमगाते नजर आए मंदिर

# शिव भक्तों के लिए फतेहाबाद में 112 स्थानों पर लगे भंडारे

### आलू-पुरी से लेकर फ्रूट, जूस व मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

महाशिवरात्रि पर्व को लेकर फतेहाबाद में आज महाउत्सव-सा नजारा नजर आ रहा है। फतेहाबाद के सभी मंदिरों में जगमगाती लाइटिंग की व्यवस्था की गई है। शहर का ऐसा कोई मार्ग नहीं है, जहां शिवभक्तों के लिए भंडारे न लगे हों। मंदिरों के बाहर शिव शंकर की धुन बजने के साथ ही बाहर स्टालें सज गई हैं। आज महाशिवरात्रि के पर्व पर अलसुबह 4 बजे से पूर्व ही मंदिरों में घंटाल बजने शुरू हो जाएंगे। एक अनुमान के अनुसार फतेहाबाद शहर में करीब 112 जगह शिवभक्तों के लिए भंडारे लगे हुए हैं। इन भंडारों में मेडिकल सुविधा से लेकर एक से एक बढ़िया फ्रूट, व्यंजन और रहने तथा नहाने-धोने की व्यवस्था की गई है। हरिद्वार से गंगाजल लेकर आ रहे कांवड़िएं आज सुबह 4 बजे से ही मंदिरों में शिवलिंगों पर जलाभिषेक शुरू कर देंगे। शिवरात्रि को लेकर शहर के दुर्गा मंदिर, श्री श्याम मंदिर, हनुमान मंदिर, रघुनाथ मंदिर, प्राचीन देवी मंदिर, तुलसीदास मंदिर, गीता मंदिर, शिवालय मंदिर, हरिकृष्ण मंदिर, लक्ष्मीनारायण मंदिर, शनि मंदिर सहित सभी मंदिरों में मंगलवार को भी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।




**फतेहाबाद।** हिसार रोड पर सैक्टर 3 के पास शिवभक्तों के लिए लगा भंडारा।

### आज सुबह से होगा जलाभिषेक, रुद्राभिषेक व संकीर्तन

महाशिवरात्रि को लेकर आज मंदिरों में सुबह से जलाभिषेक, रुद्राभिषेक, संकीर्तन, महिला मंडली द्वारा भजन की प्रस्तुति शुरू हो जाएगी। मंदिरों में आने वाले महिला व पुरुष श्रद्धालुओं के अलग-अलग व्यवस्था की जा रही है, ताकि साधकों को जलाभिषेक करने में असुविधा न हो। मंदिरों में चढ़ावे के लिए प्रयोग किए जाने वाली पूजन सामग्री भी मुहैया कराई जाएगी। हरिद्वार से कांवड़ियों का जत्था पवित्र गंगाजल लेकर वापस आने लगा है। शहर में जगह-जगह पर शिविर लगाकर लोग कांवड़ियों की सेवा कर रहे हैं। कांवड़ियों अपने साथ 100 लीटर जल तक लेकर आ रहे हैं। इस आस्था को देकर शिविरों में सेवक भी अभिभूत हैं। नेशनल हाईवे स्थित दुर्गा मंदिर को भव्य लाइटों से सजाया गया है। शिवरात्रि की पूर्व संध्या पर मंदिर में रंग बिरंगी लाइट लगाने का कार्य शुरू हो गया था। मंदिर में प्रवेश और निकास की व्यवस्था अलग-अलग की जा रही है, ताकि महिलाओं, बच्चों को कोई असुविधा नहीं हो।



**फतेहाबाद।** कांवड़ियों को फल वितरित करते पुलिस कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

### इस मुहूर्त में करें जलाभिषेक

श्री श्याम मंदिर फतेहाबाद के पुजारी पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि इस साल भगवान शिव को जल चढ़ाने के लिए सबसे अच्छा मुहूर्त 23 जुलाई की सुबह 4:39 भोर में चतुर्दशी तिथि होने पर है। पूरे दिन शिव भक्त अपने आराध्य देवता को जल चढ़ा सकेंगे। शिवरात्रि के दिन भगवान शंकर का विधि-विधान से व्रत करते हुए संकीर्तन किया जाता है। मान्यता है कि शिवरात्रि की रात को चार पहर की विशेष पूजा करने पर मनोकामना शीघ्र ही पूरी हो जाती है। मनकामेश्वर मंदिर में आज शिव महापुराण कथा होगी। मंदिर में सुबह से ही पूजन और जलाभिषेक का कार्यक्रम शुरू हो जाएगा। मंदिर में सुबह से ही अनुष्ठान शुरू हो जाएगा। दिन में संकीर्तन, पूजन और रूद्राभिषेक किया जाएगा।

### अगल-अगल स्थानों पर लगे भंडारे

महाशिवरात्रि पर्व जैसे जैसे नजदीक आ रहा वैसे-वैसे हरिद्वार से गंगाजल लेकर कांवड़िए फतेहाबाद आने शुरू हो गए हैं। कावड़ियों के स्वागत के लिए जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इस समय में करीब 112 जगह भोले के भक्तों के लिए साधकों ने भंडारे लगा रखे हैं। भंडारे में अलग-अलग संस्थाओं व समाजसेवियों ने विभिन्न प्रकार के फल जैसे नाशपाती, बग्गूकोशा, केला, अनार, आम, सेब सहित अनेक फल शिवभक्तों की सेवा के लिए रखे गए हैं।



**फतेहाबाद।** गंगा पाइप फैक्ट्री धांगड़ के बाहर भंडारे में पहुंचे शिवभक्त।

## टोहाना में शिवभक्तों के लिए लगाए शिविर

- बलियाला विश्राम गृह पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए

हरिभूमि न्यूज ⏭टोहाना

शहर के विभिन्न जगहों पर कावड़ लेकर आने वाले भक्तों के लिए सामाजिक संस्थाओं द्वारा विशेष शिविर व्यवस्था की गई है, वहीं पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह से अलर्ट दिखाई दिया। कांवडियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस की गाड़ी उनके साथ जा रही है ताकि रस्ते में कोई दिक्कत न आए। शहर थाना प्रभारी प्रहलाद सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मुख्य शिविर स्थल बलियाला विश्राम गृह पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। शहर के रतिया रोड, जमालपुर रोड, किला मोहल्ला, चंडीगढ़ रोड पर कावड़ियों के लिए ठहरने की व्यवस्था के तहत शिविर लगाए गए है जहां से शिव भक्त विश्राम करने के बाद अपने गंतव्य की ओर चले गए। शहर के प्राचीन पंचमुखी शिव मंदिर सहित अनेक धार्मिक स्थलों पर शिव भक्तों द्वारा कावड अर्पित की जाएगी।

### चार प्रहर की पूजा का समय

- पहले प्रहर की पूजा : शाम 7:17 से 9:53 रात्रि तक
- दूसरे प्रहर की पूजा : रात्रि 9:53 से 12:28 रात्रि तक
- तीसरे प्रहर की पूजा - रात्रि 12:28 से 3:03 बजे तक
- चौथे प्रहर की पूजा : रात्रि 3:03 से प्रातः 5:38 तक

## शहर की गलियों की सूरत बदलेगी कमेटी

- विधायक आदित्य देवीलाल का बड़ा एक्शन प्लान, गलत तरीके से लगे 100 बिजली पोल हटेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭डबवाली

विधायक आदित्य देवीलाल द्वारा उठाए डबवाली के बड़े मुद्दों को लेकर आज हरियाणा विधानसभा की पिटीशन कमेटी के समक्ष महत्वपूर्ण सुनवाई हुई, जिसमें डबवाली के लाइन पार क्षेत्र की करीब 28 जगहों पर लगे 100 बिजली के खंभों को हटाने और शहरी क्षेत्र की विभिन्न गलियों से अतिक्रमण हटाने संबंधी याचिका पर विचार किया गया। यह याचिका वाइस चेयरमैन अमनदीप बांसल, संदीप गर्ग, पवन बांसल व अन्य द्वारा विधायक के माध्यम से दायर की गई है। आज की पेशी में विधायक आदित्य देवीलाल के साथ नगर परिषद चेयरमैन टेकचंद छाबड़ा और वाइस चेयरमैन अमनदीप बांसल भी चंडीगढ़ में कमेटी के समक्ष उपस्थित हुए और डबवाली की स्थिति को विस्तार से प्रस्तुत किया। विद्युत निगम के उच्चाधिकारियों व नप के ईओ ने भी कमेटी के सामने अपना पक्ष रखा, लेकिन पिटीशन समिति उनके जवाबों से असंतुष्ट दिखी। समिति ने इस मामले में कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए एक कमेटी का गठन किया है, जिसमें नप चेयरमैन टेकचंद छाबड़ा, वाइस चेयरमैन अमनदीप बांसल शामिल किए हैं। यह कमेटी मौके पर जाकर बताई गई जगहों का निरीक्षण करेगी, स्थिति का जायजा लेगी और वहीं पर आवश्यक निर्णय लेकर आगामी कार्रवाई सुनिश्चित करेगी।

### शहर से अतिक्रमण हटाया जाएगा

विधायक आदित्य देवीलाल द्वारा उठाया गया यह मुद्दा सीधे तौर पर जनहित से जुड़ा है। इस पहल से डबवाली की विभिन्न गलियों में लगे लोहे के पोल, अवांछित छोटे पोल हटेंगे व गलत तरीके से लगे बड़े पोलों को भी एक साइड में लगाया जाएगा ताकि गली में आवागमन बाधित न हो। साथ ही नगरपरिषद द्वारा शहर की विभिन्न गलियों में अतिक्रमण हटाया जाएगा। इससे गलियों की सुंदरता में वृद्धि होगी और आवागमन भी सुगम होगा।

## अनुबंध स्वास्थ्य कर्मियों ने समस्याओं को लेकर उठाई आवाज

- सरकार को आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

हरियाणा में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत कार्यरत एचकेआरएन अनुबंधित कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर अनुबंध स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने एक बार फिर सरकार के समक्ष अपनी मांगें मजबूती से रखते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है। संघ ने साफ कर दिया है कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो वह 4 अगस्त को प्रदेश स्तरीय बैठक कर आगामी आंदोलन की रणनीति तय करेगा। इसको लेकर सीएम को भी ज्ञापन भेजा गया है। संघ की ओर से मुख्यमंत्री को भेजे गए ज्ञापन में बताया गया है कि पिछले लंबे समय से एचकेआरएन के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग में सेवाएं दे रहे अनुबंधित कर्मचारी न्याय, सुरक्षा और समानता की बाट जोह रहे हैं। संघ ने कर्मचारियों के हित में अनेक ठोस सुझाव और मांगें रखी हैं, जो कि सेवा शर्तों, भत्तों, स्थायीत्व, वेतन विसंगतियों, चिकित्सा लाभ, मातृत्व अवकाश, एलटीसी, ईएसआईसी जैसी आवश्यक सुविधाओं से जुड़ी हैं। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने सभी कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा अधिनियम 2024 का लाभ देने, जोखिम भत्ते, ड्रेस, जूते, धुलाई भत्ते जैसी बुनियादी सुविधा देने, मातृत्व अवकाश, चाइल्ड एडॉप्शन लीव, अर्जित अवकाश व मेडिकल लीव जैसी सुविधाएं नियमित करने की मांग की। संघ ने यह भी बताया कि जिन जिलों में अभी तक जून महीने का वेतन नहीं मिला है, वहां कर्मचारियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।




**फतेहाबाद।** अधिकारी को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपते अनुबंध स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दीपक सिंह, सचिव राकेश गिल, और संयोजक मनीष कुमार सहित संगठन के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि संगठन हमेशा संवाद और शांति से समाधान का पक्षधर रहा है, लेकिन अब अगर जल्द निर्णय नहीं लिए गए, तो संघर्ष के रास्ते पर जाना पड़ेगा।



**सिरसा।** मांगों को लेकर धरना देते कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

## बीज विकास निगम कर्मचारी संघ ने शुरू किया धरना

- सरकारी विभागों व निगमों में संसाधानों का अभाव को पूरा करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

हरियाणा बीज विकास निगम कर्मचारी संघ ने मांगों को लेकर सिरसा निगम कार्यालय के बाहर मंगलवार से दो दिवसीय धरना शुरू कर दिया है। धरने को संबोधित करते हुए राकेश खोथ ने कहा कि बीज विकास निगम द्वारा पिछले छह महीने से बीज पैकिंग का सामान उपलब्ध नहीं करवाया जा रहा है जिस कारण गेहूं का बीज का संसाधन कार्य समय पर पूरा नहीं हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार यह सब जान बुझकर कर रही है ताकि किसानों को अच्छा बीज न मिले और किसान परेशान हो। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में निगम के पास करीब 325000 क्विंटल गेहूं का बीज उपलब्ध हैं। सरकार निगम को बेचना चाहती है। सर्वकर्मचारी संघ के जिला प्रधान मदनलाल खोथ ने धरने का समर्थन करते हुए कहा कि सरकार सभी सरकारी विभागों का निजीकरण करना चाहती है ताकि अपने चहेतों को फायदा पहुंचा सके। उन्होंने कहा कि सरकार किसान और कर्मचारी विरोधी नीतियों पर चल रही है उसको बंद करें और देश व प्रदेश की जनता के हितों में सरकारी महकमों को मजबूत करने का काम किया जाए नहीं तो सरकार को मुंह की खानी पड़ेगी। उन्होंने सरकार से मांग की है कि सरकारी विभागों व निगमों में संसाधानों का अभाव है उन्हें पूरा किया जाए। इस मौके पर रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला प्रधान अशोक पटवारी, सर्वकर्मचारी संघ के ब्लॉक प्रधान ललित सोलंकी, निर्मल सिंह, अजय पासी, मनमोहन सिंह, किसान नेता सुरजीत सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## टोहाना के डांगरा रोड पर नगरपरिषद ने बंद किए शौचालय

### डीएमसी के आदेश के बावजूद शौचालय पर लगा दिए ताले

**टोहाना।** शहर में नगर परिषद द्वारा निर्मित सार्वजनिक शौचालय बंद पड़े हैं। डांगरा रोड स्थित लघु सचिवालय के मुख्य गेट पर बने शौचालयों पर ताले लगे पड़े है। इससे आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव बुढ़ाखेड़ा, उकलाना से आए वेदप्रकाश व टोहाना निवासी रमेश, सुरजीत, बलबीर व वीरेंद्र ने बताया कि सरकार ने लाखों रुपए खर्च करके इन शौचालयों का निर्माण किया है, लेकिन इन पर ताले लगे होने से जनता को कोई लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति सरकार के खुले में शौच मुक्त अभियान के विपरीत है। सरकारी कार्यालयों में काम के लिए आने वाले लोगों को शौचालय बंद होने से समस्या होती है। जिला नगर आयुक्त संजय बिश्नोई ने टोहाना में निरीक्षण के दौरान इन शौचालयों की देखभाल के लिए महिला सेल्फ हेल्प ग्रुप को जिम्मेदारी देने की बात कही थी। हालांकि, अभी तक इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हुई है। नगर परिषद को इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए उच्च अधिकारियों के आदेशों की पालना करनी चाहिए ।




**टोहाना।** बंद पड़े सार्वजनिक शौचालय।

## रतिया के एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने कार्यभार संभाला



**रतिया।** एचसीएस सुरेन्द्र सिंह ने मंगलवार को उपमंडल अधिकारी (नागरिक) रतिया का कार्यभार संभाल लिया है। वह वर्ष 2019 बैच के एचसीएस अधिकारी हैं। इसके पहले वह रेवाड़ी में कार्यरत थे। नवनियुक्त एसडीएम सुरेन्द सिंह के लघु सचिवालय स्थित कार्यालय पहुंचने पर नायब तहसीलदार और कानूनगो ने स्वागत किया। नवनियुक्त एसडीएम ने अपने कार्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों का परिचय लिया और जनसेवाओं से संबंधित फाइलें समय पर निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी ईमानदारी, मेहनत व लगन से कार्य करें ताकि आमजन को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि अधिकारी व कर्मचारी जनता को अपने कार्य करवाने में किसी प्रकार की समस्या न आने दें। एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में राजस्व से संबंधित सभी कार्यों को समय पर और प्रभावी ढंग से पूरा करना सुनिश्चित करें। इस मौके पर नायब तहसीलदार अशोक कुमार, कानूनगो पृथ्वीराज सहित सभी पटवारी मौजूद रहे।

## बेसहारा गौवंश से शहर को मुक्त करने में कारगर साबित होगा 'पशु आवास', आज होगा उद्घाटन

- कार्यक्रम के अंत में भगवान शिव का भंडारा चलाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭टोहाना

शहर के हिसार रोड स्थित शिव नंदीशाला में बनाए पशु आवास का उद्घाटन शिवरात्रि के दिन किया जाएगा, जिसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस बाडे के बनने के बाद शहर से बेसहारा पशुओं की समस्या समाप्त हो जाएगी। नंदीशाला परिसर में शिवरात्रि पर आयोजित कार्यक्रम में नगर परिषद के अध्यक्ष नरेश बंसल, समाजसेवी साकेत गर्ग, हिमांशु सेठी, बहादुर सैनी, राजकुमार सैनी, सुभाष कुमार, नसीब सिंह सहित शहर के प्रमुख लोगों द्वारा इसका उद्घाटन किया जाएगा। अंत में भगवान भोलेनाथ का भंडारा चलाया जाएगा।



**टोहाना।** शिव नंदीशाला में बनाया गया 'पशु आवास'। *फोटो : हरिभूमि*

### लगभग 400 के आसपास गोवंश का होगा आवास

सैनी के अनुसार टोहाना शहर में बेसहारा सांड, बैल और गौवंशों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ रही है जिसके कारण रोज दुर्घटनाएं हो रही हैं। इन घटनाओं से बचने के लिए नंदी शाला निरंतर समय-समय पर गोवंशों को नंदी शाला के अंदर लेकर आती है इस बार भी शहर में घूम रहे लगभग 300 से 400 सांडों के रखने के लिए यह बनाया गया है। उन्होंने बताया कि नंदी शाला में इस नवनिर्मित आवास को आधुनिक तरीके से तैयार किया है ताकि भविष्य में श्रमिकों की कमी होने पर भी इसमें मशीनों की मदद से काम किया जा सके। नंदी, बैल व सांडों के बीच में आम जन भी आसानी से पहुंचकर इनको हरा चारा, गुड़ व दलिया खिला सकता है।

### एक आदमी एक चादर मुहिम

शिव नंदी गौशाला में बने इस विशाल नंदी आवास का आकार 110 गुणा 200 है जो लगभग आधा एकड़ में बनाया गया है। इस विशाल आवास को बनाने के लिए एक आदमी एक चादर मुहिम चली जिसमें लोगों ने बढ़-चढक़र सहयोग दिया। उसके पश्चात एक आदमी एक पंखा मुहिम चली लोगों ने अपनी श्रद्धा के अनुसार पंखे भी दान में दिए है।



# संजय को सन ऑफ सरदार 2 में काम नहीं करने का अफसोस

**मुंबई।** अजय देवगन अपनी अपकमिंग फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उनकी इस फिल्म का दूसरा ट्रेलर जारी किया गया है। इसे दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। एक्शन हीरो अजय देवगन के फैंस इस पर उन्हें बधाई दे रहे हैं। ऐसे में संजय दत्त ने इस फिल्म के लिए अजय देवगन को बधाई दी है और पोस्ट में दिल की बात लिखी है। 'सन ऑफ सरदार 2 के लिए आपको बधाई राजू, अगर इसे हम एकसाथ करते तो और भी मजा आता।' संजय दत्त की इस पोस्ट पर कई यूजर्स कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है 'बाबा तीसरे पार्ट में आप को ही होना चाहिए।' एक और यूजर ने लिखा है 'इसमें बाबा को होना चाहिए था।

लाइफ Style



# फातिमा
## आप जैसा कोई के निर्देशक को कहा पागल

दंगल गर्ल फातिमा सना शेख इन दिनों अपनी फिल्म आप जैसा कोई को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने हाल ही में सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें शेयर की हैं। यह तस्वीरें फिल्म की शूटिंग के दौरान की हैं। तस्वीरों में वह फिल्म आप जैसा कोई के निर्देशक विवेक सोनी के साथ नजर आ रही हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सना ने विवेक के लिए एक लंबी पोस्ट लिखी है और उन्हें पागल कहा है। फातिमा सना शेख ने जो तस्वीरें शेयर की हैं वह फिल्म 'आप जैसा कोई' की बीटीएस तस्वीरें हैं। इनमें देखा जा सकता है कि वह निर्देशक विवेक सोनी के साथ नजर आ रही हैं। उन्होंने तस्वीरें शेयर करते हुए विवेक सोनी की तारीफ की है और लिखा है 'अपनी रोजाना की सेल्फी से लेकर तुम्हारे अलग अंदाज को मैं अभी भी नहीं समझ पाई।'

फातिमा सना शेख ने आगे लिखा 'तुम्हारे साथ काम करना एक सफर जैसा है। तुम बॉलीवुड के चलते-फिरते इनसाइक्लोपीडिया हो। (मुझे अब भी नहीं पता कि तुम कैसे हर गाना, हर दृश्य याद रखते हो, तुम पागल हो।)' आपमें साधु जैसी शांति है। फिल्म में मुझे मधु बनाने के लिए और उस पर भरोसा करने के लिए धन्यवाद। तुम्हारी जादू वाली दुनिया का हिस्सा बनना बहुत अच्छा रहा। आपको बता दें कि फातिमा सना शेख की फिल्म आप जैसा कोई 11 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है। फिल्म में उनके साथ आर माधवन हैं। इसका निर्देशन विवेक सोनी ने किया है। इसके निर्माता करण जौहर, अदार पूनावाला के अलावा कई लोग हैं।

## हॉलीवुड मसाला





# अवतार फायर.. का नया पोस्टर जारी

**लॉस एंजिल्स।** मेकर्स ने 'अवतारः फायर एंड ऐश' का नया पोस्टर जारी कर दिया है। साथ ही फिल्म को लेकर भी बड़ी अपडेट शेयर की है। जेम्स कैमरून की 'अवतारः फायर एंड ऐश' पेंडोरा की कहानी को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी करते हुए फिल्म की रिलीज को लेकर भी बड़ी अपडेट दे दी है। फिल्म के नए पोस्टर को शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा है, 'अवतारः फायर एंड ऐश में वरंग से मिलिए।' इसके जरिए मेकर्स ने ये भी बता दिया है कि फिल्म का ट्रेलर 25 जुलाई को रिलीज होने वाली 'द फैंटास्टिक फोरः फर्स्ट स्टेप्स' के साथ सिनेमाघरों में देखने को मिलेगा।



# वार्नर ने द कॉस्बी में निभाई थियो हक्सटेबल की भूमिका

**लॉस एंजिल्स।** 80 के दशक में मशहूर अमेरिकी टीवी शो द कॉस्बी शो में थियो हक्सटेबल का किरदार निभाकर दर्शकों के दिलों में जगह बनाने वाले अभिनेता मैल्कम-जमाल वार्नर अब हमारे बीच नहीं रहे। 54 साल की उम्र में एक्टर का निधन हो गया है। कोस्टा रिका के समुद्री तट पर तैराकी के दौरान वो एक हादसे का शिकार हो गए। मैल्कम-जमाल वार्नर को अमेरिका के हर घर में तब जाना गया, जब उन्होंने 1984 से 1992 तक चले लोकप्रिय सिटकॉम 'द कॉस्बी शो' में थियो हक्सटेबल की भूमिका निभाई। वो शो में डॉक्टर हक्सटेबल के सबसे छोटे बेटे थे। थियो का किरदार निभाने वाले वार्नर ना सिर्फ एक शानदार अभिनेता थे, बल्कि बाद में उन्होंने निर्देशक और निर्माता के तौर पर भी अपनी पहचान बनाई। मैल्कम-जमाल वार्नर की खबर जैसे ही फैली, हॉलीवुड और टीवी इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई।



# स्किन टोन को लेकर किया गया शर्मिंदा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस वाणी कपूर इन दिनों अपनी आगामी वेब सीरीज मंडला मर्डर्स को लेकर लगातर सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच वाणी कपूर ने एक इंटरव्यू के दौरान उनके साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर खुलकर बातचीत की। एक खबर के अनुसार, वाणी कपूर ने एक इंटरव्यू में बताया कि एक फिल्म से उन्हें इसलिए हटा दिया गया, क्योंकि उनका रंग गोरा नहीं था। एक फिल्म निर्माता ने कहा कि वह उस किरदार के लिए गोरी नहीं हैं। इसके अलावा उन्हें बहुत पतली होने के लिए भी ताने सुनने पड़े थे। लोग अक्सर कहते थे कि उन्हें वजन बढ़ाना चाहिए, क्योंकि लोगों को भरे हुए शरीर वाली महिलाएं ज्यादा पसंद हैं। इस सभी बातों को लेकर वाणी का कहना है, 'वह खुद से खुश हैं और जैसी हैं, वैसे ही रहना चाहती हैं। वह फिट और स्वस्थ हैं और ऐसी बातों से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता।'



# 25 जुलाई को रिलीज होगा वॉर-2 का ट्रेलर

**मुंबई।** यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म 'वॉर 2' के ट्रेलर की रिलीज डेट सामने आ गई है। मेकर्स ने एक पोस्ट के जरिए ये जानकारी दी है कि 'वॉर 2' का मच अवेटेड ट्रेलर 25 जुलाई को रिलीज किया जाएगा। ट्रेलर की रिलीज डेट बताते हुए मेकर्स की ओर से एक पोस्ट शेयर की गई, जिसमें एक ऋतिक और जूनियर एनटीआर का एक पोस्टर शेयर किया गया है। इस पोस्टर पर ही ट्रेलर की रिलीज डेट लिखी है। इसके साथ ही लिखा है, '2025 में भारतीय सिनेमा के दो आइकन अपने सिनेमा के सफर के 25 साल पूरे कर रहे हैं। वॉर 2 यशराज फिल्म के स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है। इस फिल्म के जरिए जूनियर एनटीआर बॉलीवुड में अपना डेब्यू कर रहे हैं। जबकि ऋतिक रोशन एक बार फिर रॉ एजेंट कबीर के किरदार में ही दिखाई देंगे।

## टीवी मसाला



# सोशल मीडिया पर स्टार बन चुकी है ये बच्ची

**नई दिल्ली।** देवथा सीरियल स्टार मां चैनल का एक सुपरहिट शो रहा है, जिसमें छोटी बच्ची 'देवम्मा' का किरदार सबको बहुत पसंद आया था। अहाना बर्फी ने इस शो में प्यारा सा किरदार निभाया था, शो में उन्होंने अपने टैलेंट से सभी का दिल जीता था। अहाना ने ज्यादातर इमोशनल सीन में अपनी एक्टिंग से गहरी छाप छोड़ी है, हालांकि, देवथा सीरियल के बाद वह तेलुगु टीवी सीरियल्स में नजर नहीं आईं। लेकिन सोशल मीडिया पर वह पहले काफी एक्टिव रही हैं। अहाना बर्फी के इंस्टाग्राम पर करीब 4 लाख फॉलोअर्स हैं। माना जाता है कि वह किसी भी किरदार को अपनी एक्टिंग से खास बना सकती हैं। यही वजह है कि वह टीवी की दुनिया में धाक जमाए हुए हैं। अहाना बर्फी का जन्म 20 जनवरी को हुआ था, खबर है कि इन दिनों वह पढ़ाई में बिजी हैं और इसी वजह से एक्टिंग से थोड़ी दूरी बनाए हुए हैं। फिलहाल वह अपनी पढ़ाई पर फोकस करना चाहती हैं। उन्होंने कुछ शॉर्ट फिल्मों में भी काम किया है, हालांकि अब वह एक्टिंग से ब्रेक पर हैं, लेकिन उनकी हाल की फोटोज देखकर लोग हैरान हो रहे हैं, वो अब बेहद खूबसूरत और स्टाइलिश नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर उनके पहले और अब की फोटोज को देखकर लोग कमेंट कर रहे हैं कि वह कितनी बदल गई हैं और पहले से भी खूबसूरत हो गई हैं। कुछ समय पहले उनका एक पारिवारिक फंक्शन वीडियो भी वायरल हुआ था। अहाना की एक फोटो बलैया और श्रीलीला के साथ भी वायरल हुई थी। फैंस का मानना है कि अगर अहाना दोबारा एक्टिंग में आती हैं तो उन्हें बहुत बड़ा प्यार और फॉलोइंग मिलेगी।

## अविनाश प्यार से बंधे रिश्ते में आएंगे नजर



**नई दिल्ली।** अविनाश मिश्रा टीवी की दुनिया के पॉपुलर एक्टर हैं। रियलिटी शो 'बिग बॉस 18' के बाद अब वह अपना नया शो लेकर आ रहे हैं। अविनाश मिश्रा बालाजी टेलीफिल्म्स के यूट्यूब ओरिजिनल शो प्यार से बंधे रिश्ते में नजर आएंगे। हाल ही में अविनाश मिश्रा ने अपने इस नए शो को लेकर बात की और कहा कि वह प्रोजेक्ट की तलाश में थे जिसके जरिए वह दर्शकों से कनेक्ट कर पाए। अविनाश मिश्रा ने अपने नए शो प्यार से बंधे रिश्ते के बारे में कहा, 'बिग बॉस के बाद मैं ऐसा प्रोजेक्ट ढूंढ रहा था, जिससे मैं फिर से अपने दर्शकों से जुड़ सकूं। 'प्यार से बंधे रिश्ते मुझे बिल्कुल सही लगा। मैं बालाजी टेलीफिल्म्स का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा किया और अपने पहले यूट्यूब शो की जिम्मेदारी मुझे दी।' उन्होंने कहा कि यह शो उनके लिए भी कुछ नया और अलग है।

# बॉबी देओल की फिल्म बंदर का टीआईएफएफ में होगा प्रीमियर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल की अपकमिंग फिल्म बंदर (बंदर पिंजरे में) का आगामी टोरंटो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2025 में विश्व प्रीमियर होने वाला है। यह फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है। टोरंटो अंतराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव कनाडा में 4 सितंबर से 14 सितंबर तक आयोजित होने वाला है। यहां इसे दिखाया जाएगा। फिल्म का निर्देशन अनुराग कश्यप कर रहे हैं। बॉबी देओल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी है। बॉबी देओल ने जो पोस्टर शेयर किया है उसमें देखा जा सकता है कि एक छोटे कमरे में कई लोग सो रहे हैं।




इन सबके बीच बॉबी देओल चिंता में बैठे हुए हैं। कमरे की दीवार पर लोगों के कपड़े टंगे हैं। इसी कमरे में कई बर्तन भी रखे हैं। पोस्ट शेयर करते हुए बॉबी देओल ने जो टैग्स लगाए हैं, उसके मुताबिक फिल्म में अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा भी नजर आ सकती हैं। बॉबी देओल की पोस्ट पर अभिनेता विक्रांत मैसी ने कमेंट करते हुए लिखा है बहुत-बहुत बधाई सर। अभिनेत्री सैयामी खेर ने लिखा है 'याय...' हुमा कुरैशी ने बॉबी देओल को मुबारकबाद देते हुए फायर वाला इमोजी बनाया है। सनी देओल ने भी थम्स अप और दिल वाला इमोजी बनाया है। बॉबी देओल आखिरी बार तेलुगु फिल्म डाकू महाराज में दिखाई दिए थे।

# सफल डेब्यू के बाद अचानक इंडस्ट्री से गायब हुए ये सितारे

*नई दिल्ली। बॉलीवुड में कई ऐसे स्टार्स भी हुए हैं, जिन्हें शुरुआत में तो सफलता मिली, लेकिन उसके बाद वो अचानक इंडस्ट्री से गायब हो गए। इनमें कई ऐसे भी सितारे शामिल हैं, जिनकी पहली फिल्म ही बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी।*

**इमरान खान :** सुपरस्टार आमिर खान के भांजे इमरान खान ने साल 2008 में आई फिल्म जाने तू या जाने ना से बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया था। इस फिल्म को पसंद भी किया गया था। इसके बाद इमरान खान कई और फिल्मों में भी नजर आए जिनमें मेरे ब्रदर की दुल्हन, ब्रेक के बाद, मटरू की बिजली का मन डोला, वंस अपॉन ए टाइम इन मुंबई दोबारा, एक मैं और एक तू, गोरी तेरे प्यार में और डैली वैली जैसी फिल्में शामिल हैं। इमरान आखिरी बार 2015 में आई फिल्म कट्टी-बट्टी में नजर आए थे। इसके बाद लगभग दस साल बीत चुके हैं, लेकिन इमरान खान इंडस्ट्री से गायब हैं। हालांकि, ऐसी चर्चाएं हैं कि वो हैप्पी पटेल नाम की फिल्म में नजर आ सकते हैं।

**असिन :** आमिर खान के साथ सुपरहिट फिल्म गजनी से बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने वाली अभिनेत्री असिन बॉलीवुड के साथ-साथ साउथ इंडस्ट्री में भी काफी चर्चित रहीं। लेकिन, शादी के बाद असिन अचानक इंडस्ट्री से गायब हो गईं। असिन की बॉलीवुड फिल्मों की बात करें तो इनमें अधिकतर



बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थीं। असिन की फिल्मों में गजनी, लंदन ड्रीम्स, रेडी, हाउसफुल 2, बोल बच्चन, खिलाड़ी 786 और ऑल इज वेल जैसी फिल्में शामिल हैं। असिन ने अपने कॅरियर में आमिर खान, सलमान खान, अक्षय कुमार और अजय देवगन जैसे स्टार्स के साथ काम किया है।

**अमृता राव :** साल 2006 में आई फिल्म विवाह से रातों-रात नेशनल क्रश बन जाने वाली अमृता राव ने अपने करियर में कई फिल्में की। लेकिन, फिर अमृता अचानक लाइमलाइट से दूर हो गईं। हालांकि, वो छह साल पहले आई नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म ठाकरे में नजर आई थीं। लेकिन, फिलहाल अमृता एक लंबे वक्त से इंडस्ट्री से दूर हैं। अमृता ने अपने कॅरियर में 'इश्क विश्क, मस्ती, मैं हूं ना, वाह लाइफ हो तो ऐसी, शिखर, प्यारे मोहन और शौर्य जैसी फिल्में दी हैं।

**जायद खान :** इंडस्ट्री में कई स्टारकिड ऐसे भी रहे जिनका कॅरियर कुछ खास नहीं रहा। ऐसे ही स्टारकिड्स में शामिल हैं वेटरन एक्टर संजय खान के बेटे जायद खान। चुरा लिया है तुमने से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले जायद खान का कॅरियर कुछ खास नहीं रहा।

## दुनिया बनाने वाले..., दोस्त-दोस्त न रहा जैसे मशहूर गाने गाए

# अपने गानों से देश ही नहीं, विदेशों में भी लोगों के दिलों में बनाई जगह



*नई दिल्ली। 'इक दिन बिक जाएगा, माटी के मोल, जग में रह जाएंगे, प्यारे तेरे बोल'। गायक मुकेश की आवाज में यह गाना लोगों को खूब भाया। उन्होंने अपने गानों से देश ही नहीं, विदेशों में भी लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाई। उन्होंने जीना यहां मरना यहां, दुनिया बनाने वाले क्या तेरे मन में समाई, दोस्त-दोस्त न रहा और मेरा जूता है जापानी जैसे मशहूर गाने गाए। भले ही मुकेश इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन वह अपने गानों के जरिए लोगों के दिलों में जिंदा हैं।*

### भाग कर की शादी

मुंबई में मुकेश को एक गुजराती व्यापारी की लड़की सरला से प्रेम हो गया। सरला के पिता इस शादी के लिए तैयार नहीं थे। मुकेश के पिता भी इस शादी के लिए राजी नहीं थे। ऐसे में मुकेश ने सरला से भागकर शादी करने का फैसला किया। मुकेश ने सरला से एक मंदिर में अपने चचेरे भाई मोतीलाल की मौजूदगी में शादी की।

### इंजीनियर बनाना चाहते थे पिता

मुकेश बचपन से ही गायक बनना चाहते थे। उन्होंने मैट्रिक तक ही पढ़ाई की। पढ़ाई के दिनों में वह स्कूल के कार्यक्रमों में गाया करते थे। मुकेश के पिता जोरवर चंद माथुर, मुकेश को सिविल इंजीनियर बनाना चाहते थे। इसलिए उन्होंने मुकेश की नौकरी पीडब्ल्यूडी में लगवा दी। हालांकि, मुकेश के मन में गायक बनने का सपना जिंदा रहा। एक दिन उन्होंने अखबार में देखा कि मुंबई में कलाकारों की भर्ती निकली है। इसके बाद वह मुंबई चले गए। मुंबई पहुंचकर मुकेश को पांच साल बाद कामयाबी मिली।

### पहली बार नाकाम होने पर लोगों ने छोड़ा साथ

मुकेश की बहन की शादी हो रही थी। इसमें गाने बजाने का भी प्रोग्राम हो रहा था। लड़के वालों की जिद पर मुकेश ने समारोह में एल के सहगल के कुछ गाने गाए। इस शादी में फिल्मी दुनिया से भी कुछ लोग आए थे। उन्होंने मुकेश की आवाज सुनी। इसके बाद उन लोगों ने मुकेश कि पिता से कहा कि वह मुकेश को फिल्मों में काम देना चाहते हैं। मुकेश के पिता ने हां कह दी। इसके बाद मुकेश ने पहली बार फिल्म निर्दोष (1941) में गाना गाया और अभिनय किया। यह फिल्म नहीं चली। जिन लोगों ने मुकेश को काम के लिए बुलाया था, उन्होंने भी उनका साथ छोड़ दिया।

### लता मंगेशकर का कॅरियर बनाने में मदद की

लता मंगेशकर मुकेश को अपना भाई मानती थीं। वह रक्षाबंधन पर उन्हें राखी बांधती थीं। लता जब भी अपने संघर्ष के दिनों को याद करतीं तो वह मुकेश को भी याद करतीं। मुकेश ने ही लता मंगेशकर को अपना कॅरियर बनाने में मदद की। उस दौर में लता को लोग पतली आवाज की वजह से पसंद नहीं करते थे। उन्हें कई जगहों से नकारा जा चुका था। हालांकि, मुकेश को लता की आवाज अच्छी लगी। उन्होंने लता को नौशाद से मिलवाया। उन्हीं के कहने पर फिल्म अंदाज में लता को छह गाने गाने का मौका मिला। यहां से लता के कॅरियर को रफ्तार मिली।

### मुश्किलों से रिलीज हुआ पहला गाना

*यह साल 1943 का दौर था। मुकेश ने अपने चचेरे भाई अभिनीत फिल्म पहली नजर में दिल जलता है गाना गाया। फिल्म के निर्देशक मजहर खान इस गाने को रिलीज नहीं करना चाहते। उनका कहना था कि मोतीलाल चुलबुले किरदार करते हैं। ऐसे में उन पर गंभीर गाना नहीं जचेगा। ऐसे में उन्होंने कहा कि अगर फिल्म में मुकेश के गाने को दर्शकों ने पसंद नहीं किया तो एक हफ्ते के बाद फिल्म से इस गाने को निकाल दिया जाएगा। लेकिन, मुकेश का गाया गाना लोगों को पसंद आया। इसके बाद मुकेश ने पीछे मुड़कर नहीं देखा।*

### गानों के जरिए हिट कराई फिल्म

*गायक होने के साथ मुकेश एक फिल्म निर्माता भी थे। उस दौर में वह ऐसे गायक थे कि अपने दम पर फिल्में हिट कराने की ताकत रखते थे। साल 1951 में आई फिल्म मल्हार के प्रोड्यूसर खुद मुकेश थे। फिल्म के गानों को उन्होंने गाया। इसमें उनका साथ लता मंगेशकर ने भी दिया। फिल्म में बड़े कलाकार नहीं थे। इसके बावजूद ये फिल्म हिट रही। इस फिल्म के गाने बहुत मशहूर हुए, जिसकी वजह से यह फिल्म हिट रही।*

## खबर संक्षेप



### भूना में छात्रों ने किया पौधरोपण

**भूना।** आदर्श भारती स्कूल के विद्यार्थियों ने मंगलवार को पौधारोपण कर 'एक पेड़ मां के नाम' मुहिम को आगे बढ़ाया। अभियान की शुरुआत स्कूल के प्रबंध निदेशक सुभाष बिश्नोई और प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेश खीचड़ ने पौधे लगाकर की। सुभाष बिश्नोई ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाना जरूरी है। पेड़ हमें प्राणवायु, फल, फूल और छाया देते हैं। यह प्रकृति की अनमोल देन है। पेड़ लगाना और उनकी देखभाल करना हर व्यक्ति का कर्तव्य है। सिर्फ पौधा लगाना काफी नहीं, उसकी समय-समय पर देखभाल भी जरूरी है। तभी यह प्रयास सफल होगा।

### बिजली की तार चोरी करने वाला आरोपी दबोचा

**फतेहाबाद।** खेतों में लगे ट्यूबवेलों से बिजली की तार चोरी करने के मामले में थाना सदर रतिया पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रमनदीप उर्फ रिंकू पुत्र मनोहर लाल निवासी वार्ड नंबर 11, सरदूलगढ़, पंजाब के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1500 रुपये की नकदी भी बरामद की है। उसे न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि यह मामला कृष्ण लाल पुत्र बाग चंद निवासी खैरपुर, की शिकायत पर दर्ज किया गया था।

### खेदड में मनाया राष्ट्रीय ध्वज अंगीकरण दिवस

**बरवाला।** गांव खेदड़ में स्थित डीएवी आरजीटीपीपी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज अंगीकरण दिवस अत्यंत उत्साह एवं गौरव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को भारत के राष्ट्रीय ध्वज के महत्व से परिचित कराया गया। विद्यालय में विभिन्न आयु वर्गों के विद्यार्थियों के लिए विशेष गतिविधियाँ आयोजित की गईं। नर्सरी से कक्षा पांच तक के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय ध्वज अंगीकृत गतिविधि में भाग लिया।

महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट की हिजरावां कलां में 21 सदस्यीय कमेटी घोषित

# तस्करों को चेतावनी : नशा बेचा तो भुगतने पड़ेंगे गंभीर परिणाम

- युवा पीढ़ी को बर्बाद करने का धंधा बंद करे : भवानी सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले में नशे के खिलाफ युद्धस्तर पर अभियान चला रहे महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह ने जिले में नशे का अवैध कारोबार करने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि वह अब युवा पीढ़ी को बर्बाद करने का धंधा बंद कर दें। अगर ट्रस्ट की टीम को कोई भी व्यक्ति नशा बेचते पाया गया तो उसे इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। बता दें कि महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट की शहरी टीम ने एमएम कॉलेज के सामने एक खोखे में नशे बेचने की शिकायत पर पुलिस को साथ लेकर मौके पर दबिश दी थी जिसके बाद अब पुलिस प्रशासन के सहयोग से नगरपरिषद ने इस खोखे को यहां से पूरी तरह हटा दिया है। भवानी सिंह ने इसके लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन व नगरपरिषद अधिकारियों का भी धन्यवाद किया और कहा कि आगे भी महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट पुलिस प्रशासन के सहयोग से नशा तस्करों की कमर तोड़ने का काम करेगा।

भवानी सिंह ने गांव हिजरावां कलां में आयोजित कार्यक्रम में युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक किया। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं को एकजुट कर गांव को नशामुक्त बनाने के लिए 21 सदस्यीय कमेटी की भी घोषणा की। यह कमेटी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन और भवानी सिंह के नेतृत्व में जिले को नशामुक्त बनाने की मुहिम को कामयाब बनाने में अपना सहयोग करेगी। भवानी सिंह ने कहा कि ट्रस्ट का एकमात्र उद्देश्य सीएम द्वारा प्रदेश को नशामुक्त बनाने के अभियान को कामयाब करना है। इसको लेकर गांव-गांव और शहरों में युवाओं को जागरूक कर उनकी कमेटियां गठित की जा रही है। उन्होंने कहा कि समाज को नशामुक्त करना केवल पुलिस का काम नहीं, इसके लिए आमजन को भी जागरूक होना होगा।



**फतेहाबाद।** गांव हिजरावां कलां में नशे के खिलाफ लड़ाई में टीम की घोषणा करते महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह। फोटो : हरिभूमि

#### शिकायत मिलने पर होगी कार्रवाई

भवानी सिंह ने कहा कि नशा बेचने वालों को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि वह आज से ही नशा बेचने का धंधा बंद कर दें। ट्रस्ट की टीम को अगर इस बारे कोई शिकायत मिली तो ऐसे लोगों के खिलाफ पुलिस के सहयोग से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गांव हिजरावां कलां में घोषित 21 सदस्यीय टीम में सरपंच करण सिंह के अलावा मुख्तयार सिंह, जसबीर सिंह, गुरप्रीत सिंह, गुरमीत सिंह वकील, सतपाल सिंह, बोहड़ सिंह, गुलविन्द्र सिंह कंग, बलविन्द्र सिंह, रविन्द्र, ईश्वर सिंह, संदीप, गुरदयाल सिंह, सुखविन्द्र सिंह, सुखवीर सिंह, मनजीत सिंह, सतपाल सिंह, करण सिंह व कबीर सिंह को शामिल किया है। इसको लेकर ट्रस्ट द्वारा मुख्यमंत्री हरियाणा के अलावा मुख्य सचिव व पुलिस के उच्चाधिकारियों को भी सूचना भेजी है। इस अवसर पर उनके साथ प्रमोद कुमार, अमन राघव, गुरदीप सिंह, कृष्ण कुमार, मनोज कुमार, अशोक कम्बोज सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।



**फतेहाबाद।** हरिद्वार से पकड़ा गया चोरी का आरोपी।

## लाखों रुपये की चोरी करने वाला को हरिद्वार से काबू

- चोरी की वारदात में 7 लाख नकद और सोने के आभूषण उड़ाए गए थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिलेभर में अपराध नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीआईए टोहाना पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। टीम ने भूना में हुई लाखों रुपये की चोरी के एक मामले में मुख्य आरोपी को हरिद्वार से काबू किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान आकाश उर्फ नानू पुत्र बोबी निवासी वार्ड नंबर 2, राजनगर, टोहाना के रूप में हुई है। सीआईए टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई थाना भुना क्षेत्र में दर्ज एक मामले में की गई है। यह शिकायत सुनील कुमार पुत्र रामलाल निवासी अग्रवाल कॉलोनी, भुना द्वारा 5 जुलाई को दर्ज करवाई गई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार 4 जुलाई की रात वह अपने परिवार के साथ प्रीति मैरिज पैलेस, भूना में एक विवाह समारोह में शामिल होने गया हुआ था। जब वह 5 जुलाई तडक़े करीब 2:30 बजे घर लौटा तो मकान का मुख्य द्वार टूटा मिला। जांच करने पर पता चला कि घर से 7 लाख नकद, सोने का हार सेट 1.5 तोला, चेन 1.5 तोला, दो टॉप्स आधा तोला और दो चूडिय़ाँ 3 तोला चोरी हो चुकी थीं। तकनीकी विश्लेषण, सीसीटीवी फुटेज और गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने हरिद्वार से आरोपी को काबू करने में सफलता प्राप्त की।, मामले की जांच जारी है, और अन्य संभावित आरोपियों की तलाश जारी हैं।

## देश की एकता-अखंडता की ली शपथ

- डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में मनाया नेशनल फ्लैग डे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में आज नेशनल फ्लैग डे धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स के अलावा अन्य विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा तिरंगे के महत्व और देशभक्ति की भावना को दर्शाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। स्कूल प्रधानाचार्या श्रीमती अमिता सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्या ने कहा कि 22 जुलाई को राष्ट्रीय ध्वज दिवस मनाया जाता है। इस दिन, 1947 में, संविधान सभा ने हमारे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को अपनाया था। यह दिन भारत की स्वतंत्रता, एकता और गौरव का प्रतीक है। एक ऐसा दिन है जो हमारे हृदय को गर्व और श्रद्धा से भर देता है। भारतीय राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा, न केवल स्वतंत्रता का, बल्कि एकता और शक्ति का भी प्रतीक है। केसरिया रंग साहस और बलिदान का प्रतीक है, सफेद रंग शांति और सत्य का और हरा रंग विकास और समृद्धि का प्रतीक है। बीच में स्थित अशोक चक्र हमें प्रगति और न्याय की याद दिलाता है। उन्होंने कहा एक नागरिक के रूप में हमारा यह परम कर्तव्य है उन्होंने विद्यार्थियों को शपथ दिलाई कि हम अपने तिरंगे के सम्मान में कभी कोई कमी नहीं आने देंगे।




**फतेहाबाद।** डीएवी पुलिस स्कूल में देश की एकता व अखंडता की शपथ लेते एनसीसी कैडेट्स व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### कुनाल गांव में लगाए पौधे

**रतिया।** लायंस क्लब रतिया टाउन द्वारा पर्यावरण की रक्षा हेतु प्रधान कपिश गुप्ता के नेतृत्व में गांव कुणाल में पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे ग्राम पंचायत के सहयोग से 250 फल, छायादार पोधे रोपित किए गए। परियोजना अधिकारी लाल सिंह ने बताया कि जनपद अध्यक्ष विशाल वढ़ेरा के आह्वान पर हरियाली संकल्प कार्यक्रम के तहत आज पौधे रोपित किए गए हैं। जनपद एडमिनिस्ट्रेटर शिव सोनी ने बताया कि इस कार्यक्रम की शुरुआत 2 जुलाई को रतिया से की गई थी और उनके आह्वान पर दिल्ली व हरियाणा के समस्त क्लबों द्वारा इस कार्यक्रम में भाग लेकर पर्यावरण सरंक्षण को बढ़ावा दिया जा रहा है। सरपंच प्रतिनिधि हरदीप सिंह ने पौधों के उचित पालन पोषण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विजय जिंदल, कपिश गुप्ता, लाल सिंह, सतपाल सिंह, सुरेश जैन, दीवान सेतिया, कुलदीप शर्मा, डॉ. अनुज गुप्ता, परमिंदर सिंह, पंचायत सदस्य बंटी, गुरजीत सिंह, मिठ्ठन लाल आदि उपस्थित थे।

## चार मामलों में वांछित पीओ काबू

- नशा तस्करी के आरोपी पर चार मुकदमे दर्ज, लंबे समय से था फरार
- एनडीपीएस एक्ट के तहत भूना पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भूना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज चार अलग-अलग मामलों में वांछित स्थायी वारंटी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जो काफी समय से फरार चल रहा था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विक्रम उर्फ रिंकू पुत्र ओम प्रकाश निवासी वार्ड नंबर 4, भूना के रूप में हुई है। आरोपी के विरुद्ध 23 फरवरी 2023 को एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसमें वह मुख्य सप्लायर के रूप में संलिप्त था। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह लगातार फरार चल रहा था, जिस कारण उसे अदालत से स्थायी वारंटी घोषित करवाया गया था। इसके अतिरिक्त, विक्रम उर्फ रिंकू के खिलाफ नशा तस्करी से जुड़े तीन अन्य मुकदमे भी दर्ज हैं, जिनमें वह लंबे समय से वांछित था। उसके खिलाफ 21 अगस्त 2020, 11 फरवरी 2021 तथा 5 सितम्बर 2022 को थाना भूना में यह मामले दर्ज है।



**फतेहाबाद।** पुलिस गिरफ्त में पकड़ा गया आरोपी। फोटो : हरिभूमि

#### अभियान जारी

भूना थाना प्रभारी उप निरीक्षक ओम प्रकाश ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के दिशा-निर्देशन में जिले में नशा तस्करों व अपराधियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस अब उससे जुड़े अन्य मामलों की भी गहन जांच कर रही है।

### अधिक से अधिक पौधे लगाना व उनकी देखरेख करना आवश्यक : मोहन लाल नारंग



**फतेहाबाद।** श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल में ग्रीन इंडिया मिशन के अनुसार पर्यावरण सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पार्षद मोहनलाल नारंग और नागरिक अधिकार मंच के संयोजक राजीव सेतिया ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करते हुए व पौधारोपण करते हुए किया। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने धरती को हरा भरा बनाए रखने के लिए गीत गायन व नाटक प्रस्तुत किया। स्कूल अध्यापिका सुमन ने पर्यावरण सुरक्षा के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ रखना हम सबका कर्तव्य है। विद्यार्थियों ने विभिन्न स्लोगन, कविताएं प्रस्तुत करते हुए पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया। मुख्य अतिथि मोहनलाल नारंग ने पर्यावरण सुरक्षा का महत्व बताते हुए कहा कि अधिक से अधिक पौधे लगाना व उनकी देखरेख करना परम आवश्यक है। स्कूल के एक्जीक्यूटिव डीन जगन, रिजिनल इंचार्ज फनी कुमार ने ग्रीन इंडिया मिशन के अनुसार धरती को हरा भरा व स्वच्छ बनाने का संदेश दिया। स्कूल प्रिंसिपल अंबिका अरोड़ा ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद किया और कहा कि धरती को हरा भरा व पर्यावरण की सुरक्षा करना हम सब का उत्तरदायित्व है।

*दया बाई सेवा केंद्र का शिलान्यास किया*

## बच्चों को शिक्षित करें और आगे बढ़ने का अवसर दें : चेयरमैन बालियाला

- डॉ. रविंद्र बालियाला ने प्रतिभा सम्मान समारोह में प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के चैयरमेन डॉ. रविंद्र बलियाला ने कहा कि समाज के विकास व उसे आगे बढ़ाने में शिक्षा का होना बेहद जरूरी है, इसलिए बच्चों को शिक्षित करें और आगे बढ़ने का अवसर दें। डॉ. बलियाला मंगलवार को सिरसा जिल के गांव गंगा में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने प्रतिभावान विद्यार्थियों व स्वयंसेवी संस्थाओं को सम्मानित किया। चेयरमैन डॉ रविंद्र बालियाला व शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष डॉ पवन कुमार ने दया बाई सेवा केंद्र का शिलान्यास भी किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने अनुसूचित जाति के लिए अनेक जनकल्याण की योजनाएं क्रियान्वित की है। इन योजनाओं के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को आगे बढ़ाकर उनका उत्थान करना सरकार की प्राथमिकता है।



**सिरसा।** गांव गंगा में दयाबाई सेवा केंद्र का शिलान्यास करते चेयरमैन रविंद्र बालियाला। फोटो : हरिभूमि

#### समस्याओं का समाधान करना प्राथमिकता

उन्होंने कहा आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। वहीं हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने भी उपस्थितजन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही विकास का माध्यम है। बच्चों में प्रतिभा की कमी नही है, उन्हें अवसर दिया जाए तो वह अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने का माधा रखते हैं। ग्रामीणों की सेंटर बनाने की मांग पर उन्होंने इसे पूरा करने का आश्वासन दिया।

### जैन साध्वियों ने आत्म-शुद्धि व संयम के महत्व के बारे किया जागरूक

- जैन धर्म के मूल सिद्धांतों और मूल्यों पर चर्चा की

**रतिया।** रतिया में चातुर्मास हेतु विराजमान जैन महासाध्वी सुनंदा महाराज, सुसाध्वी सम्यक महाराज एवं सिद्धायिका महाराज ने मण्डी रोड स्थित जैन स्थानक में प्रवचन करते हुए जैन धर्म के मूल सिद्धांतों और मूल्यों पर चर्चा की और लोगों को आत्म-शुद्धि और संयम के महत्व के बारे में जागरूक किया। जैन साध्वियों ने अपने प्रवचन में जैन धर्म के प्रमुख सिद्धांतों जैसे कि अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि इन सिद्धांतों का पालन करने से व्यक्ति अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ा सकता है और आत्म-शुद्धि प्राप्त कर सकता है। जैन साध्वियों ने आत्म-शुद्धि और संयम के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आत्म-शुद्धि प्राप्त करने के लिए व्यक्ति को अपने विचारों और कार्यों पर नियंत्रण रखना होता है और संयम का पालन करना होता है। इससे व्यक्ति अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ा सकता है। जैन साध्वियों ने कहा कि इन सिद्धांतों का पालन करने से व्यक्ति अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ा सकता है। उन्होंने कहा कि जैन धर्म के मूल सिद्धांत हैं अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह, जिसका हमें पालन करना चाहिए।

## छात्राओं को आत्मरक्षा की दी ट्रेनिंग

- भट्टू के सरकारी कन्या विद्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भट्टूकलां

महिला सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दिशा में पुलिस प्रशासन द्वारा सरकारी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ाना और उन्हें किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार करना था। प्रशिक्षण सत्र के दौरान पुलिस टीम के प्रशिक्षित कर्मियों ने छात्राओं को आत्मरक्षा की मूलभूत तकनीकों जैसे कि साधारण मुक्के व किक्स मारने की विधि, हाथ पकडऩे से बचाव, और खतरे की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया देने के तरीकों का अभ्यास करवाया। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सिखाई गई तकनीकों का प्रदर्शन भी किया। प्रशिक्षकों ने उन्हें यह भी समझाया कि साहस, सतर्कता और आत्मविश्वास के साथ कैसे किसी भी विपरीत परिस्थिति का सामना किया जा सकता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, इस प्रकार का प्रशिक्षण न केवल छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए सक्षम बनाता है, बल्कि उनके भीतर आत्मविश्वास और जागरूकता की भावना भी विकसित करता है। हम पुलिस के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।



**भट्टूकलां।** छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाती महिला पुलिस कर्मचारी।

सुधार | कालोनियों की समस्याओं और व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

# पुलिस कर्मचारियों की रिहायशी कालोनियों के सुधरेंगे हालात, एसपी ने गठित की वेलफेयर एसोसिएशन

- रहन-सहन की गुणवत्ता सुधारने के लिए भी उठाया कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के नेतृत्व में फतेहाबाद पुलिस प्रशासन न केवल कानून व्यवस्था को लेकर सक्रिय है, बल्कि पुलिसकर्मियों के कल्याण और रहन-सहन की गुणवत्ता सुधारने के लिए भी महत्वपूर्ण कदम उठा रहे है। इसी क्रम में एसपी द्वारा पुलिस कर्मचारियों की रिहायशी कॉलोनियों में 'रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन' गठित कर, वहां की आवश्यकताओं और समस्याओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कॉलोनी में मौजूद पुलिस कर्मचारियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को जाना तथा सड़क, सफाई, जलनिकासी, स्ट्रीट लाइट, पीने के पानी, पार्किंग आदि से जुड़ी समस्याओं का तत्काल समाधान करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए।



**फतेहाबाद।** पुलिस कालोनी में एसपी के निर्देशों के चलता सफाई अभियान।

#### पुलिस नागरिकों की सेवा में तत्पर: एसपी

एसपी सिद्धांत जैन ने कहा कि पुलिसकर्मी दिन-रात नागरिकों की सेवा में तत्पर रहते हैं। ऐसे में उनका रहन-सहन सुव्यवस्थित हो, यह हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। वेलफेयर एसोसिएशन के माध्यम से हम उनके स्थानीय मुद्दों को व्यवस्थित रूप से समझकर त्वरित समाधान दे सकते हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा किए गए इस प्रयास से पुलिस कर्मचारियों में संतोष, आत्मीयता और प्रशासन के प्रति विश्वास की भावना मजबूत हुई है। यह पहल न केवल कर्मचारियों की भलाई की दिशा में एक सराहनीय कदम है, बल्कि प्रशासनिक दृष्टिकोण से भी एक अनुकरणीय कार्य है।

## खबर संक्षेप

### नपा सचिव से मिला मॉडल टाउन का शिष्टमंडल

**रतिया।** मॉडल टाउन की समस्याओं को लेकर मॉडल टाउन रेजिडेंस वेलफेयर एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष सतपाल मंगला की अगुवाई में नगरपालिका सचिव शुभम बादल से मिला। पार्कों की बाउंड्री वॉल, फुटपाथ, झूलों की मुरम्मत करवाने और मॉडल टाउन की सफाई व्यवस्था को सुधारने की मांग नपा सचिव से की गई। शिष्टमंडल ने नपा सचिव से अनुरोध किया है कि इन मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए ताकि स्थानीय निवासियों को सुविधा हो सके। नपा सचिव शुभम बादल ने शिष्टमंडल को आश्वस्त किया है कि उनकी मांगों पर जल्द से जल्द कार्रवाई की जाएगी। इस शिष्टमंडल में अजय गुप्ता एमसी, विनोद जैन, अशोक गर्ग, धर्मपाल बांसल, ओम प्रकाश टीटू, संजय मोदी, सुभाष ग्रोवर आदि सदस्य शामिल थे।

### एक शाम चमकीला के नाम कार्यक्रम का आयोजन

**रतिया।** प्रसिद्ध पंजाबी गायक अमर सिंह चमकीला के 65वें जन्म दिवस पर 'एक शाम चमकीला के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान केक काट कर अमर सिंह चमकीला का जन्म दिवस मनाया गया। कार्यक्रम फतेहाबाद रोड स्थित पंजाबी गायक रुबल रतिया के कार्यालय में हुआ। कार्यक्रम का आयोजन गायक रुबल रतिया, श्याम सर्मीला, सीता अठवाल विजय काला व गीतकार बलदेव बरेटा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बूटा खान ने की। गायक एवं म्यूजिक अध्यापक जग्गी खान, सुखपाल सहोता, रुबल रतिया, त्रिलोचन सहोता, सुरजीत लखिया, श्याम सर्मीला, सीता अठवान, विजय काला व बीबा गुरविंद्र मान ने अमर सिंह चमकीला के गीत 'तलवार मैं कलगीधर दी हां, साथो बाबा खो लिया तेरा ननकाना, मिन्नी मिन्नी तारियां दी लो, होनी ॲज दीप सिंह नूं, वाजा वाला माही' आदि गीत पेश किये। इस दौरान अमर सिंह चमकीला की जीवनी पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में मखन सहोता, राजू, प्रवीन पाटिल व रमेश कुमार भी मौजूद थे।

### मोबाइल और नकदी छीनने का आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** एक युवक से मारपीट कर उससे मोबाइल व नकदी छीनने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर टोहाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान परमीत उर्फ छोटा पुत्र जागीर सिंह निवासी शिमलापुरी कॉलोनी, रतिया के रूप में हुई है। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक शादीराम ने बताया कि यह मामला इंद्रपाल पुत्र बहादुर चंद निवासी वार्ड नंबर 4, रामनगर, टोहाना की शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता के अनुसार 20 अप्रैल की रात लगभग 10:10 बजे वह गांव अकांवाली से काम समाप्त कर अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान जमालपुर से दमकौरा रोड पर तीन अज्ञात युवकों ने उसे रोक लिया, उसके साथ मारपीट की और मोबाइल फोन, 8500 नकद राशि तथा दुकान की चाबी छीनकर मौके से फरार हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए तकनीकी विश्लेषण व गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी परमीत उर्फ छोटा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम अन्य दो फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।

### मोबाइल चोरी के आरोपी काबू, तीन फोन बरामद

**फतेहाबाद।** जिले में चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने मोबाइल चोरी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी किए गए तीनों मोबाइल फोन बरामद कर लिए हैं। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुमित उर्फ आलू पुत्र रोहताश निवासी गांव धांगड़, फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि 11 जुलाई को शिकायतकर्ता विनोद कुमार पुत्र हवासिंह निवासी गांव धांगड़, अपने घर पर चारपाई पर सोया हुआ था। उसी दौरान चारपाई पर रखे उसके तीन मोबाइल फोन किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिए गए। इस संबंध में 21 जुलाई को थाना सदर में शिकायत दर्ज हुई थी।

---

## उपायुक्त ने अधिकारियों की बैठक लेकर देकर दिए दिशा-निर्देश

# परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी, केंद्रों के अंदर व बाहर रहेगी कड़ी सुरक्षा

### सीईटी परीक्षा को लेकर परीक्षार्थियों की सहायता के लिए जिला प्रशासन द्वारा हेल्प डेस्क स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की 26 व 27 जुलाई को आयोजित होने वाली की सीईटी परीक्षा को लेकर परीक्षार्थियों की सहायता के लिए जिला प्रशासन द्वारा हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं, जिनके माध्यम से परीक्षा से जुड़ी किसी भी प्रकार की जानकारी परीक्षार्थी प्राप्त कर सकते हैं। इस परीक्षा को लेकर जिले में कुल 31 लोकेशनों पर 38 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। उपायुक्त मनदीप कौर ने मंगलवार को जिला के सभी संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की गहन समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इससे पूर्व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा राज्य के सभी उपायुक्तों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की गई, जिसमें सीईटी परीक्षा की तैयारियों को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों की बैठक में डीसी ने कहा कि 26 व 27 जुलाई को आयोजित होने वाली सीईटी परीक्षा को जिला में सफलतापूर्वक संपन्न करवाने के लिए सभी अधिकारी आपसी तालमेल और सजगता के साथ कार्य करें। आयोग द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित किया जाए ताकि परीक्षा में भाग लेने वाले परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

#### ठहरने व परीक्षा केन्द्र लोकेशन बारे मिलेगी जानकारी

उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि परीक्षार्थियों की सहायता के लिए जिला प्रशासन द्वारा हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं, जिनके माध्यम से परीक्षा से जुड़ी किसी भी प्रकार की जानकारी परीक्षार्थी प्राप्त कर सकते हैं। लघु सचिवालय स्थित जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी के कार्यालय के कमरा नंबर 62 में हेल्पलाइन नंबर 01667-230013, 230405, 230722 और 230737 जारी किए गए हैं। उपायुक्त ने दूसरे जिलों से आने वाले परीक्षार्थियों से अपील की कि यदि उन्हें फतेहाबाद में ठहरने की व्यवस्था या परीक्षा केंद्र की लोकेशन संबंधी किसी भी जानकारी की आवश्यकता हो तो वे उपरोक्त हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे परीक्षार्थियों को हरसंभव सहायता प्रदान करें।



**फतेहाबाद।** सीईटी परीक्षा को लेकर अधिकारियों को निर्देश देते उपायुक्त मनदीप कौर। फोटो :हरिभूमि

#### जिले में बने 38 परीक्षा केन्द्र

उन्होंने बताया कि जिले में कुल 31 लोकेशनों पर 38 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा को नकल रहित, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को ईमानदारी से निभाएं और यह सुनिश्चित करें कि किसी भी स्तर पर कोई कमी न हो। उन्होंने कहा कि परीक्षा के सफल आयोजन के लिए बिजली, पानी, सफाई, यातायात और सुरक्षा जैसी सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह दुरुस्त रहें।

#### कड़े सुरक्षा प्रबंध

उपायुक्त ने बताया कि अभ्यार्थियों की सुविधा के लिए हरियाणा सरकार द्वारा निशुल्क बस सेवा व शटल सर्विस भी उपलब्ध करवाई जा रही है, ताकि उन्हें परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

**ये अधिकारी रहे मौजूद :** परीक्षा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस विभाग द्वारा पुख्ता प्रबंध किए जा रहे हैं। बैठक में पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया, एसडीएम राजेश कुमार, नगराधीश गौरव गुप्ता, डीएमसी संजय बिश्नोई, जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

#### कोचिंग सेंटर नहीं खोल सकेंगे, फोटोस्टेट की दुकानें भी बंद रहेगी

जिला में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा 26 व 27 जुलाई को आयोजित होने वाली सामान्य पात्रता परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए जिलाधीश मनदीप कौर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत सभी परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित दायरें में विभिन्न गतिविधियों पर रोक लगाई है। आदेश की अवहेलना करने पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। जिलाधीश द्वारा जारी आदेशानुसार परीक्षा केंद्रों के 500 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार के हथियार ले जाने, परीक्षा केंद्र से 200 मीटर के दायरे में सभी फोटोस्टेट की दुकानें बंद रखने, वाहन पार्क करने पर रोक, लाउडस्पीकर के प्रयोग पर रोक तथा गैर कानूनी रूप से एकत्रित होने, अनाधिकृत व्यक्ति के परीक्षा केंद्र में प्रवेश पर रोक, जिला में कोचिंग सेंटर बंद रखने तथा परीक्षा केंद्र में सभी प्रकार के यंत्र जो वाई फाई या ब्लूटूथ से जुड़ते हो के प्रयोग पर रोक लगाई है।

## सीईटी परीक्षा में किसी प्रकार की धोखाधड़ी या अव्यवस्था को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : एसपी

### शिवरात्रि व सीईटी परीक्षा को लेकर पुलिस अधीक्षक ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन की अध्यक्षता में पुलिस लाइन स्थित एनजीओ मेस के मीटिंग हॉल में जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना, सीईटी परीक्षा एवं कांवड़ यात्रा के सफल, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित आयोजन हेतु सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा करना था। बैठक में डीएसपी फतेहाबाद जगदीश कुमार, डीएसपी रतिया नरसिंह, प्रवाचक उप निरीक्षक राहुल कुमार, सहायक उपनिरीक्षक संदीप कुमार सेना लिपिक, सहायक उपनिरीक्षक हरजीत सिंह एमटीओ, निरीक्षक बिजेंद्र सिंह सहित जिलेभर के सभी थाना एवं चौकी प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत में एसपी ने हाल ही में घटित आपराधिक घटनाओं का विश्लेषण प्रस्तुत करते हुए कहा कि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सभी थाना प्रभारियों को सजग एवं सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण, वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी और रात्रिकालीन गश्त को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। असामाजिक तत्वों पर नकेल कसी जाए।


**फतेहाबाद।** सीईटी परीक्षा व शिवरात्रि को लेकर थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देश देते एसपी सिद्धांत जैन। फोटो :हरिभूमि

#### सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश

*कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत आमजन की सुरक्षा एवं सुविधा के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। एसपी जैन ने कहा कि यात्रियों की सुविधा हेतु निर्धारित मार्गों को सभी अधिकारी भली-भांति समझें तथा इन मार्गों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती, ट्रैफिक नियंत्रण, चिकित्सा सुविधा और जलपान व्यवस्था की सुनिश्चितता की जाए। संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने और यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने देने के निर्देश भी दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने यह भी निर्देश दिए कि नहरों एवं तालाबों में नहाने वाले युवाओं के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 223 के तहत उचित कार्रवाई की जाए।*

### सीईटी परीक्षा शांतिपूर्ण व पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाएं अधिकारी: उपायुक्त

**सिरसा।** उपायुक्त शांतनु शर्मा ने 26 और 27 जुलाई को आयोजित होने वाले कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) परीक्षा 2025 की तैयारियों को लेकर जिला के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक के दौरान उन्होंने परिवहन, सुरक्षा, परीक्षा केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं व अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को समयबद्धता के साथ कार्य पूर्ण करते हुए परीक्षा शांतिपूर्ण व पारदर्शी तरीके से सम्पन्न करवाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी संबंधित विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें। वहीं पुलिस अधीक्षक डा. मयंक गुप्ता ने कहा कि सीईटी परीक्षा के लिए जिला में व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने व परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती रहेगी। इससे पहले हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने सीईटी परीक्षा को लेकर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश भर की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी जिलों के अधिकारियों को परीक्षा के सफल आयोजन हेतु पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश दिए।



---

## क्रेसण्ट स्कूल में प्री प्राइमरी विंग में मनाया मैंगो डे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

क्रेसण्ट स्कूल में संस्कृति, स्वाद एवं परंपरा के साथ फलों के राजा का जश्न,थीम के साथ प्री प्राइमरी विंग में नेशनल मैंगो डे बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने आम से संबंधित विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत रंगारंग फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता से हुई, जिसमें नन्हें-मुन्ने विद्यार्थी आम एवं आम से जुड़े विभिन्न पात्रों की वेशभूषा में मंच पर प्रस्तुत हुए। उनकी रचनात्मक पोशाकों एवं आत्मविश्वास से भरे प्रदर्शन ने सभी उपस्थितजन का मन मोह लिया। विद्यार्थियों द्वारा लाए गए आम से बने पारंपरिक एवं नवीन व्यंजनों की एक प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें आमपन्ना, आमरस, आम की बर्फी, आम का अचार, आम कुल्फी आदि शामिल रहे। इन व्यंजनों का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय खानपान एवं फलों के पोषण से जोडऩा था। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को आम के पोषण मूल्य, सांस्कृतिक महत्व एवं जैव विविधता में इसकी भूमिका पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आम भारत का राष्ट्रीय फल है और इसे 'फलों का राजा' भी कहा जाता है। इसमें भरपूर मात्रा में विटामिन ए, सी एवं अन्य पोषक तत्व होते हैं जो स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी हैं।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नृत्य, कविताएं, कहानियां एवं पोस्टर प्रदर्शनी ने समस्त वातावरण को आममय कर दिया। विद्यार्थियों की भागीदारी एवं रचनात्मकता सराहनीय रही। प्रधानाचार्या रितु सिंधु ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को इस सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, पारंपरिक ज्ञान एवं रचनात्मकता का विकास होता है।



फतेहाबाद। क्रेसंट स्कूल में राष्ट्रीय मैंगो डे पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी।

### विद्यार्थियों को सरकारी व निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसरों की दी जानकारी

**फतेहाबाद।** जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 21 से 25 जुलाई तक व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत जिला के विभिन्न स्कूलों में व्यावसायिक मार्गदर्शन से संबंधित प्रोग्राम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह के प्रथम दिन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढिंगसरा, नेशनल मोंटेंसरी कान्वेंट स्कूल ढिंगसरा व दूसरे दिन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चिंडड व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़ोपल में 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को शिक्षा व रोजगार संबंधी मार्गदर्शन दिया। इस दौरान जिला रोजगार अधिकारी डॉ. राजेश कुमार व सहायक रोजगार अधिकारी रितु जांगड़ा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए व्यावसायिक शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, सरकारी क्षेत्र व निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसरों बारे मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से अपने अंदर कौशल का विकास करके निजी क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के अवसरों का लाभ उठाते हुए जीवन में आगे बढ़ा जा सकता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रामचंद्र भादू अनिता रानी, प्राध्यापक सुरेन्द्र कुमार तथा रोजगार कार्यालय से लिपिक सतपाल उपस्थित रहे।



---

## अपेक्स कॉन्वेंट स्कूल में 'टेलेंट हंट' प्रतियोगिता में बच्चों ने जमाया रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

अपेक्स कॉन्वेंट स्कूल में 'टेलेंट हंट' का भव्य एवं अत्यंत सराहनीय आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर उन्हें प्रेरित व प्रोत्साहित करना था। उल्लेखनीय है कि इसमें टेलेंट हंट सत्र एक में चयनित प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। कक्षा पहली से लेकर कक्षा 10वीं तक के विद्यार्थियों ने नृत्य, संगीत, वादन सहित अन्य रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी बहुआयामी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उनकी सृजनात्मक अभिव्यक्तियों ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक समिति से सतीश चराईपोत्रा, चंद्रकांता चराईपोत्रा, अमित मक्कड़, रीत मक्कड़ तथा स्पर्श चराईपोत्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में फतेहाबाद के उभरते युवा गायक करण टुटेजा एवं प्रसिद्ध कत्थक विशेषज्ञ नेहा सचदेवा की विशिष्ट उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य उमंग कक्कड़ ने की। जूरी सदस्यों द्वारा सभी प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन कर परिणाम घोषित किए गए। विद्यालय परिवार की ओर से सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। साथ ही इस सफल आयोजन के लिए समस्त शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। प्राचार्य उमंग कक्कड़ ने कहा कि हर बालक के भीतर एक अनमोल प्रतिभा छिपी होती है, आवश्यकता केवल उसे पहचानकर सही दिशा देने की होती है। हमारा निरंतर प्रयास रहेगा कि बच्चों रचनात्मक मंच मिले।



**फतेहाबाद।** अपेक्स स्कूल में आयोजित टेलेंट हंट में प्रस्तुति देती छात्राएं।

---

**बैठक** | भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री ने ली बैठक

## पीएम नरेन्द्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम पूरे देश के लिए प्रेरणा स्त्रोत : फणींद्रनाथ शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री फणींद्रनाथ शर्मा द्वारा संगठनात्मक मुद्दों को लेकर बीजेपी जिला कार्यालय में बैठक बुलाई गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने की। बैठक में विशेष रूप से प्रदेश सचिव एवं जिला प्रभारी सुरेन्द्र आर्य, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, पूर्व कैबिनेट मंत्री देवेंद्र सिंह बबली, पूर्व विधायक दुडाराम, पूर्व जिला अध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा भी मौजूद रहे। प्रदेश संगठन मंत्री फणींद्रनाथ शर्मा ने जिले के नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों से परिचय किया तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने संगठन के हाल ही में हुए कार्यक्रमों की समीक्षा की तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत रिपोर्ट जानी। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन मंत्री फणींद्रनाथ शर्मा ने कहा कि भाजपा एक राष्ट्रवादी सोच वाला संगठन है। पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार व सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में काम कर रही है। फणींद्रनाथ शर्मा ने कहा कि 27 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का ऐपिसोड आयोजित होगा, जिसे फतेहाबाद जिले के सभी 708 बूथों पर कार्यकर्ता व आमजन द्वारा सुना जाएगा। इसके लिए सभी कार्यकर्ता अपनी अपनी ड्यूटियां संभाले और कार्यक्रम को शत प्रतिशत सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि सभी बूथों की 100 प्रतिशत एक रिपोर्ट बनाकर सरल पोर्टल पर अपलोड करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम पूरे देश के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। देशवासी और भाजपा कार्यकर्ता पीएम नरेन्द्र मोदी के संबोधन को सुनने के लिए उत्सुक रहते हैं, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने मन की बात कार्यक्रम में देश के हर वर्ग को आगे रखकर राष्ट्र निर्माण के मुद्दों पर प्रकाश डालते हैं। जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कहा कि भाजपा का एक एक निष्ठावान कार्यकर्ता पार्टी के प्रति समर्पण भावना से काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा हाईकमान से मिलने वाली हर जिम्मेदारी को फतेहाबाद बीजेपी की टीम पूरी निष्ठा से निभाती रहेगी। बैठक में मन की बात कार्यक्रम के जिला प्रमुख विक्रम शर्मा, बीजेपी नेता जगदीश शर्मा, संजय रेवड़ी, सविता टुटेजा, सुमन खिचड़, भीम लाम्बा, इन्द्र गावड़ी, अशोक जाखड़, विकास ललौदा, सचिव संकेत गर्ग, पूनम सिंगला, मंजू बाजीगर, राखी वाल्मीकि, लख्मी शर्मा, निर्मल सिंह व अन्य मौजूद रहे।



**फतेहाबाद।** बैठक में चर्चा करते भाजपा नेता। फोटो :हरिभूमि